## खबर संक्षेप



### श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**सिलौंडी।** सिलौंडी मंडल के प्रत्येक बूथ में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी के नेतृत्व में मंडल पदाधिकारियों ,बूथ अध्यक्ष और समस्त कार्यकर्ता की मौजदूगी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ग्राम नेगाई में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि दी। कार्यालय मंत्री विनोद राय ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाया। सिलौंडी में उपसरपंच राहुल राय, पंच राजेश राय, बूथ अध्यक्ष गोपी मिश्रा,बूथ अध्यक्ष बैजू दहिया ने श्री मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। मंडल के कछार गांव , दशरमन,हरदुआ ,संतुरा , सुनारखेडा में कार्यकर्ता ने बलिदान दिवस मनाया।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कटनी।** एक वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना उमरियापान थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदवारी मोहल्ला की है। जानकारी के अनुसार ग्राम उमरियापान कुदवारी मोहल्ला थाना उमरियापान में राम गोपाल पिता कुंजी सिंह ठाकुर 65 निवासी कुदवारी मोहल्ला ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### रंजिश के चलते युवक पर चाकू से किया हमला

**कटनी।** पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर दो बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मुड़वारा स्टेशन के समीप हुई। सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए इस मामले में संलिप्त दो अपचारी बालकों को दबोच लिया है। जानकारी के अनुसार पैदल पुल के ऊपर रेलवे स्टेशन मुड़वारा के बगल में अभिषेक पयासी पिता लखनलाल पयासी 21 निवासी सुभाष वार्ड अल्फर्टगंज कोतवाली के ऊपर अज्ञात बदमाशों ने चाकू से 21 जून को हमला कर दिया था। युवक के दाएं सीने के नीचे, पेट पर, गाल के ऊपर, आंख के बगल में चाकू से हमला किया। पीड़ित वहां से भाग एवं जिला अस्पताल में भर्ती हो गया था।

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गया चोर

**कटनी।** रात के समय घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। घटना कैमोर थाना क्षेत्र की है। जानकारी अनुसार सौमेश्वर शुक्ला निवासी तिलक चौक ने बताया कि उसने रात के समय अपने घर के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर दी थी। कुछ समय बाद वहां से गायब हो गई थी। आस-पास देखने पर जब कोई जानकारी नहीं लगी तो थाने पहुंचकर उसने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

---

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तेवरी में एक ही रात आधा दर्जन दुकानों एवं मकानों में हुई चोरी

# दुकानों एवं मकानों का ताला तोड़ लाखों रूपए नकदी एवं जेवरात ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बीते कुछ दिनों से अपराधिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है। चोरी, लूट, ठगी जैसी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। हाईवे से लेकर सुनसान रास्तों में जहां बदमाश वाहन चालकों एवं राहगीरों को अपना शिकार बना रहे हैं वहीं चोर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है। पुलिस एक वारदात का खुलासा भी नहीं कर पाती कि बदमाश दूसरी वारदात को अंजाम देकर चंपत हो जाते हैं। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में बीती रात चोरो ने घर एवं दुकानों में वारदात को अंजाम दिया।



### लाखों रूपए एवं जेवरात पार

जानकारी के अनुसार ग्राम तेवरी में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात नकाबपोश चोरों एक के बाद एक कई दुकानों और घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपए का माल पार कर लिया। गांव में हुई इस संगठित चोरी की घटना ने न सिर्फ स्थानीय लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है, बल्कि पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि चोरों ने सबसे पहले गांव में रहने वाले मुकेश सेन के घर को निशाना बनाया। बदमाशों ने घर का मुख्य ताला तोड़कर वहां से 10 लाख रूपए नकदी और सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरो ने वारदात को इतनी सफाई के साथ अंजाम दिया कि किसी को पता भी नहीं चल पाया।

### ज्वेलर्स दुकान का ताला तोड़ा

इसके बाद चोरों ने अज्जू सोनी की सोने-चांदी की दुकान का ताला भी तोड़ा लेकिन वहां कुछ खास हाथ नहीं लगा। बताया जाता है कि दुकानदार हर रोज दुकान का सारा कीमती माल घर ले जाता हैं, जिसके चलते चोरों को वहां से कुछ नहीं मिल सका। दुकान में तोड़फोड़ की गई और ताले को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। चोरो ने विमल चक्रवर्ती के घर समेत गांव की आधा दर्जन से अधिक दुकानों और मकानों को भी चोरों ने निशाना बनाने की कोशिश की। कुछ स्थानों पर ताले टूटे मिले, जबकि कुछ घरों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों के निशान भी पुलिस को मिले हैं।

### पुलिस ने किया मौका मुआयना

घटना की जानकारी मिलते ही स्लीमनाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने चोरी की वारदातों की तस्दीक करते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही, सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय मुखबिरों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरु कर दी गई है।

### गांव में दहशत का माहौल

तेवरी गांव में एक ही रात में इतनी बड़ी संख्या में चोरी की घटनाएं होने से ग्रामीणों में भारी दहशत है। लोगों का कहना है कि गांव में रात्रि के समय पुलिसिया गश्त में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने पुलिस से गांव में रात के समय गश्त बढ़ाने, संदिग्ध लोगों की पहचान करने और चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की है। गांव में लगातार हो रही आपराधिक गतिविधियों से लोग परेशान हैं।

---



# खेत में काम कर रही महिला पर किया हमला

**कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम करहैया गांव में हुई घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत करैहया गांव में एक अज्ञात युवक ने खेत में उरदा तोड़ने गई एक महिला के नाक काट लिया। इससे उसकी हालत खराब हो गई है। परिजन उसे बेहोश और गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचें जहाँ पर उसका उपचार जारी है। अभी महिला के बदहवास होने के कारण इस घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

### शरीर में कई जगह काटा

महिला के ससुर भैयालाल दाहिया ने बताया कि बहु गुड्डी बाई पति रामदास दाहिया 45 वर्ष रोज की तरह खेत में उरदा काटने के लिए गईं थी तभी लाइन के किनारे पर खेत पर अर्धनग्न अवस्था में एक युवक ने महिला के पीछे से बार करतें हुए उसकी नाक, कान, गला और शरीर के अन्य अंगो को दांतो से काट लिया जिसके बाद महिला ने शोर मचाया तो युवक वहां से भाग निकला।

### महिला हो गई बेहोश

महिला की आवाज सुनकर आसपास के लोंग मौक़े पर पहुँचे। घटना के बाद महिला बेहोश हो चुकी थी। परिजन उसे शासकीय जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहाँ पर उसका उपचार जारी हैं। पुलिस मामले की जांच की जा रही हैं।

---

## 91 हजार रूपए की अवैध मदिरा एवं लाहन किया जब्त



आबकारी विभाग द्वारा वृत्त कटनी क्रमांक 01, कटनी क्रमांक 02, कटनी क्रमांक 03, बड़वारा, ढीमरखेडा, स्लीमनाबाद एवं बहोरीबंद के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 35 अपराधिक प्रकरण कायम किए गए हैं। छापामार कार्यवाही में 180 पाव देशी मदिरा, 9 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 885 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। जप्त मदिरा एवं महुआ लाहन की अनुमानित कीमत लगभग 91 हजार 250 रुपए है। महुआ लाहन का सेंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया गया। कार्यवाही में उपनिरीक्षक अतुल कुटार, अभिषेक सिंह बघेल, केशव प्रसाद उइके, महेन्द्र कुमार शुक्ला, मोना दुबे, कृष्ण कुमार पटेल, आबकारी आरक्षक राम सिंह, राजेश गौटिया, चन्द्र प्रकास त्रिपाठी एवं देवेन्द्र प्यासी का योगदान रहा।

---

# अलग अलग क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला, बहोरीबंद एवं बरही थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में कई लोग घायल हो गए। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंचीबद्ध करते हुए फरार हुए चालकों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक कुठला थानांतर्गत शाम के समय लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया में



रामकुशल यादव निवासी बरतोना खमखेडा अमरपाटन जिला मैहर को डंपर क्रमांक एमपी 21 एच 1897 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चलाकर टक्कर मार दी। टक्कर में उसे चोटें आई हैं।

बहोरीबंद थाना क्षेत्र के जमुनहा तानाब के पासबाला प्रसाद विश्वकर्मा निवासी ग्राम छुरिया थाना बाकल को मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 एमएन 2090 के चालक मनीष विश्वकर्मा ने तेजगति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मार दी।

इसी प्रकार बरही रात के समय कल्लू भाईजान के घर के सामने बरही कटनी रोड पर अभिमन्यु पटेल निवासी ग्राम बुजबुजा में बिना नंबर के ट्रैक्टर के चालक ने टक्कर मार दी।

---

# मवेशी ने किशोरी पर किया हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आवारा मवेशी ने एक किशोरी पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि सिविल लाइन में नालंदा स्कूल के सामने में सड़क पर आवारा मनवेशियों के झुंड में से एक मवेश ने किशोरी को सींगों से उठाकर सड़क पर पटक दिया फिर उसके सीने और चेहरे पर पैर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय नागरिकों सहित राहगीरों ने किशोरी को बचाया अन्यथा उसकी जान भी जा सकती थी। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय जानवी गौड़ निवासी चंदिया अपने भाई बंधन गौड़ के साथ खरीददारी बाजार करने के लिए कटनी आई थी और बापस चंदिया जाने के लिए सिविल लाइन के रास्ते नालंदा



स्कूल होते हुए स्टेशन जा रही थी तभी नालंदा स्कूल के सामने दुर्गा मंदिर के पास वह सड़क पर पैदल गुजर रही थी कि अचानक एक गाय ने उसे सीगों से उठा लिया और सड़क पर पटक दिया। इसके बाद मवेशी ने किशोरी पर लगातार हमला किया। स्थानीय निवासियों और राहगीरों की मदद से मवेशी को वहां से भगाया और गंभीर रूप से घायल किशोर को शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज जारी हैं। लोगों का कहना है कि दूध निकालने के बाद गायों को सड़क पर छोड देते हैं। जिसके चलते कभी वाहन चालक हादसे के शिकार होते हैं तो कई पैदल चालक गायों के हमले में चोटिल हो जाते हैं। सड़क पर इस तरह से घूमती गायों को पकड़ने के लिए शिकायतें भी की जाती हैं, लेकिन मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही नहीं होती है।

---

**बड़वारा थाना क्षेत्र की घटना, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस**

# नन्हवारा खुर्द में युवक की हत्या कर गांव के बाहर फेंकी लाश, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नन्हवारा खुर्द में सोमवार को एक युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। लाश मिलने की खबर गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक की लाश गांव के बाहरी क्षेत्र में अर्धनग्न अवस्था में पड़ा था। लाश को देखकर प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान गांव के ही रहने वाले संदीप चौधरी के रूप में की गई है जो पिकअप वाहन चालक था। ग्रामीणों ने तत्काल इस घटना की सूचना बड़वारा थाना पुलिस को दी।

जानकारी के अनुसार नन्वारा खुर्द गांव की बस्ती से कुछ दूरी पर ग्रामीणों को एक शव पड़ा हुआ



दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर पता चला कि संदीप चौधरी पिता विश्राम चौधरी 35 का शव है, जो खून से सना हुआ था और कपड़े भी सही स्थिति में नहीं थे। शव की हालत देख कर गांव में अफरा-तफरी मच गई। लाश मिलने की सूचना मिलते ही बड़वारा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार संदीप चौधरी जो गांव का ही रहने वाला था। शव की स्थिति देखकर यह प्रतीत होता है कि युवक की हत्या कहीं और की गई है इसके बाद शव को गांव के बाहरी इलाके में फेंका गया है। शव पर गंभीर चोटों के निशान हैं और खून काफी मात्रा में बहा था, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी एसआई केके पटेल ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम को भी मौके पर बुलाया गया है ताकि तकनीकी जांच के माध्यम से साक्ष्य जुटाए जा सकें। फिलहाल पुलिस हत्या के विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

युवक की लाश मिलने से ग्रामीण स्तब्ध हैं कि उनके ही गांव के एक युवक को इस तरह बेरहमी से मारा गया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने ग्रामीणों कहा है कि यदि किसी को भी घटना से संबंधित कोई जानकारी हो तो वे पुलिस को गोपनीय रूप से सूचित करें, ताकि हत्यारे तक जल्द से जल्द पहुंचा जा सके।

---


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

## खबर संक्षेप

### सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ वार्डों में दौड़ रही फागिंग मशीन

**कटनी।** वर्तमान में नगर के रोजाना परिवर्तित हो रहे मौसम के परिणामस्वरूप मच्छरों के प्रकोप एवं मच्छर जनित, संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर रोजाना फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप नागरिकों को काफी राहत देखने को मिली है। अभियान के तहत नगर निगम द्वारा लगातार शहर के सभी मलिन बस्तियों के साथ-साथ कॉलोनियों, सार्वजनिक स्थलों, आदि जगहों पर सफाई के साथ कीटनाशक दवाईयों का सघन रूप से छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत विगत दिवस वार्ड क्रमांक 15 की विभिन्न गलियों दुर्गा चौक, निमिया मोहल्ला, राहुल बाग, बसंत विहार कालोनी की विभिन्न गलियों, चौधरी मोहल्ला एवं पटेल मोहल्ला के विभिन्न मार्गों सहित नायरा पेट्रोल पंप के पीछे की बस्ती में युद्ध स्तर पर फागिंग मशीन से रासायनिक धुंआ छोड़ने की कार्यवाही की जाकर मच्छरों पर नियंत्रण लगाने के प्रयास किए गए।

### 30 जून तक नागरिक करा सकेंगे ई-केवाईसी

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा एक आदेश जारी कर ई-केवाईसी अभियान को यथावत 30 जून तक जारी रखने के निर्देश निगम के गठित दल के अधिकारी कर्मचारियों को दिए जाकर प्रतिदिन वार्डवार किये जा रहे ई-के.वाई.सी कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा पूर्व में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी हेतु एक आदेश जारी करते हुए जागेश्वर प्रसाद पाठक राजस्व अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं सागर नायक सहायक राजस्व अधिकारी व रविशंकर पाण्डेय सहायक सामुदायिक विकास संगठन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। तथा दल गठित करते हुए 45 कर्मचारियों तथा 3 दल प्रभारियों को संलग्न कर लक्ष्य अनुरूप ई-केवाईसी किए जाने के निर्देश दिए थे। इसके साथ साथ ही अन्य स्थानों में ई-केवाईसी कार्य किये जाने हेतु पृथक से पांच सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी।

### नगर में पासपोर्ट कार्यालय खोले जाने लिखा पत्र

**कटनी।** नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन ने भारत सरकार के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर कटनी में अविलंब पासपोर्ट कार्यालय खोले जाने की मांग की है । पत्र में मिथलेश जैन ने लेख है कि कटनी जिला पूरे भारत का भौगोलिक केन्द्र बिन्दू है, जहॉ रेल्वे का जंक्शन है, जिससे पॉचों दिशाओं में ट्रेने आती-जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि आस-पास के अनेकों जिलों में पासपोर्ट कार्यालय नहीं हैं। जिससे कटनी जिले एवं आसपास के जिलों के नागरिकों को दूरस्थ अन्य जिलों में पासपोर्ट कार्यालय जाकर पासपोर्ट बनवाना पड़ता है। पत्र में उन्होंने कटनी में अतिशीघ्र पासपोर्ट कार्यालय खोले जाने की मांग की है । उन्होंने यह भी कहा है कि यदि शीघ्र पासपोर्ट कार्यालय नहीं खोला गया तो वे हाईकोर्ट जबलपुर में जनहित याचिका भी प्रस्तुत करेंगे ।

### निगम कर्मचारियों के आकस्मिक निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**कटनी।** कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी के जल प्रदाय विभाग में पदस्थ नियमित कर्मचारी अनुराग जायसवाल एवं अग्निशमन शाखा में पदस्थ विनियमित कर्मचारी मुकेश दुबे के आकस्मिक निधन पर सोमवार शाम नगर निगम कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा जाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान निगम परिवार द्वारा दुख व्यक्त किया जाकर परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा उनके परिवार पर आये इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

---

समय-सीमा बैठक में केपीआई स्कोर, समग्र ई-केवाईसी, सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर अधिकारियो को दिये निर्देश

# कलेक्टर ने लापरवाह अधिकारियों को लगाई जमकर फटकार, वेतन काटने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम डैशबोर्ड बोर्ड पर की परफॉमेन्स इंडिकेटर (केपीआई) वार विभागों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग, शहरी प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, तकनीकी शिक्षा, स्कूल शिक्षा, जनजातीय विभाग, अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, एमएसएमई विभाग, पशुपालन विभाग आदि की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट शिकायतों के निराकरण एवं समग्र ई-केवाईसी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने सभी एसडीएम को दो टूक लहजे में निर्देशित किया कि वे कृषि, मत्स्य, सहकारिता आदि मैदानी विभागों के क्रियाकलापों की मॉनिटरिंग करने की हिदायत देते हुए राजस्व मामलों के निपटारे में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर यादव ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के महाप्रबंधक की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने और वेतन काटने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने जनजातीय विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावासों में छात्रों की कम संख्या पर गहन असंतोष व्यक्त करते हुए जिला संयोजक विमल चौरसिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए बीईओ एवं बीआरसी के साथ समन्वय कर छात्रावासों का निरीक्षण कर छात्रों की कम संख्या का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया।

कलेक्टर ने कहा कि जर्जर शाला भवनों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की कक्षायें कदापि संचालित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बार पुनः महिला बाल विकास और जिला परियोजना समन्वय कर जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों व स्कूल भवनों का चिन्हींकरण करें। ताकि ऐसे जर्जर भवनों में कक्षायें संचालित न हो।

### नगर निगम के प्रति जताई नाराजगी

कलेक्टर श्री यादव ने समग्र ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए नगर निगम की ई-केवाईसी कार्य में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बैठक में मौजूद रहे उपायुक्त नगर निगम शैलेश गुप्ता द्वारा समाधानकारक जवाब नहीं दिए जाने पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि भविष्य में बैठक में अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें और ई-केवाईसी कार्य में और अधिक तेजी लायें। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में नगर निगम द्वारा मात्र 900 डुप्लीकेट समग्र आईडी ही डिलीट किए गए हैं जो कि अत्यंत कम हैं। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों को निर्देशित किया है कि डुप्लीकेट ई-केवाईसी वाले समग्र के डिलीशन कार्य में तेजी लायें।

### खरीफ तैयारी की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने खरीफ 2025-26 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उर्वरकों विशेषकर डीएपी एवं एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने नरवाई प्रबंधन के तहत कृषि उपकरणों के किसानों को अनुदान पर मुहैया कराने के कार्य में कम प्रगति पर कृषि अभियांत्रिकी के सहायक यंत्री कृतिका पाण्डेय के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए कृषि उपकरणों के प्रदाय मामले में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति के लिए उन्होंने 50 और 60 एचपी से ज्यादा ट्रैक्टर वाले किसानों को शासन की हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर योजना के लिए आवेदन भराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जे- फार्म एप के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

### अद्यतन जानकारी दें

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभागों को कहा कि यदि उनके विभाग द्वारा रोस्टर का संधारण जिला स्तर पर संधारित किया जाता है तो उसकी अद्यतन जानकारी कलेक्टर कार्यालय को दें।

### जारी होंगे कारण बताओ नोटिस

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

### शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्यवाही

**कटनी।** शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार बहोरीबंद पुलिस ने जोगिया मैदान में रामबरन कोल को शराब के साथ पकड़ा है। उमरियापान पुलिस ने ग्राम मड़ेरा में सुशील कुमार काछी के पास से 12 पाव देशी शराब, बड़वारा पुलिस ने ग्राम सुड्डी घुघरी मोड़ के पास ध्रुव सिंह के पास से 25 पाव लाल मसाला, 7 पाव देशी प्लेन, 6 बाटल शराब जब्त की है। बड़वारा पुलिस ने ग्राम सुड्डी में संजू केवट के पास से 28 पाव देशी प्लेन, 20 पाव लाल मासाल शराब, ग्राम बरछेका में राजा कोल के पास से 115 पाव देशी प्लेन, 105 पाव लाल मसाला शराब जब तकी है। ग्राम रोहनिया में अनिल गुप्ता के पास से 30 पाव देशी प्लेन शराब, ग्राम बसाड़ी मेन रोड पर शुभम पाल के पास से 70 पाव देशी प्लेन 39 पाव लाल मसाला शराब, एनकेजे पुलिस ने प्रेमनगर लल्लू कबाडी के पास हेमराज सिंह चौहान के पास से 20 पाव देशा मदिरा मसाला शराब जब्त की है। स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम सरसवाही में शिवानी चौधरी से शराब जब्त की है। आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

---

बारिश का मौसम आते ही सब्जियों की आवक घटने से बढ़ने लगे दाम

# 40 रूपए किलो तक पहुंचे टमाटर के दाम, हरी सब्जियां ने भी बिगाड़ा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



थाली की शोभा बढाने वाली सब्जियों का स्वाद महंगा हो गया है। बाजार में एक-दो सब्जी ही नहीं बल्कि अधिकांश सब्जियों के दाम बढे हुए हैं। फुटकर बाजार में लौकी, भिंडी, हरी मिर्ची, पालक, टमाटर, करेला सहित अन्य सब्जियों की कीमतें काफी बढ़ गई है। पखवाड़े भर पूर्व 10 रूपए किलो बिकने वाला टमाटर अब 40 रूपए किलो में बिक रहा है। बारिश के मौसम में हर वर्ष सब्जियों के भाव बढते हैं। हरी सब्जियों के भाव 40 से 50 रूपए किलो हो गये है। आलू टमाटर के दामों की वृद्धि लोगों के जेंबों पर भारी पड़ रही है। दूसरी तरफ फुटकर व्यापारियों का कहना है कि थोक में उन्हे सब्जी मंहगी मिल रही है इस लिए उन्हे मंहगा सामान बेंचना पड रहा है। बारिश मे कम ही सब्जियों की पैदावार होती है जबकि खपत उतनी ही बनी रहती है। कुछ सब्जी जैसे शिमला मिर्च, बरबटी, करेला, गिलकी के दाम भी 40 से 60 रूपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। लोकी, तोरई, करेला, बैगन आदि सब्जियो की आवक कम होने से इनके दाम बढ़े हैं। सब्जी विक्रेताओं की माने तो अभी एक यही स्थिति रहेगी।

महंगी हरी सब्जियों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। पिछले एक पखवाड़े में सब्जियों के दाम दोगुना तक पहुंच गए हैं। सब्जी मंडी में थोक के दामों में हुई बढ़ोत्तरी का असर फुटकर बाजार में पड़ा है। विक्रेता लगभग दोगुनी कीमत में इनको बाजारों में बेच रहे हैं। हरी सब्जियों में महंगाई का तड़का लगने से सबसे ज्यादा गरीब वर्ग परेशान है। सब्जियों के भाव सुनकर खरीदने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। किलो की जगह पाव भर से काम चल रहा है।

सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि आवक कम होने और बारिश के मौसम में फसलें प्रभावित होने के चलते दामों में इजाफा हो रहा है। आगामी समय में मूल्यों में और इजाफा होने की उम्मीद भी है।

### बीजेपी कार्यालय में विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन




भारत की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्य रखने अपनी अंतिम सांस तक कश्मीर में दो विधान दो निशान दो प्रधान को समाप्त करने की खातिर जान न्यौछावर करने वाले महान शिक्षाविद एवं प्रखर राष्ट्रवादी तथा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने जिला कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुखर्जी जी ने अपना जीवन जम्मू कश्मीर और राष्ट्र के लिए पूर्ण रूप से समर्पित किया। एक देश मे दो प्रधान दो विधान दो निशान को समाप्त करने के उनके लक्ष्य को संकल्प बना कर भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने काम किया तथा इस संकल्प को हासिल कर डॉ मुखर्जी के सपने को पूरा किया। डॉ मुखर्जी के जीवन को कार्यकर्ता अपने जीवन में उतारकर भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करें।

---

# हांका टीम ने आवारा घूमने वाले 68 पशुओं को पकड़कर भेजा कांजी हाउस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक मार्गों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। निगम क्षेत्र में आवारा घूमने वाले मवेशियों से किसी को परेशानी न हो इसे देखते हुए निगम की टीम द्वारा सभी जोन क्षेत्रों में चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक में 68 आवारा पशुओं को पकड़कर अमीरगंज कांजी हाउस भेजा जा चुका गया है।

आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर हांका टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ घूम-घूम कर आवारा मवेशी को पकड़कर काऊ केचर वाहन के माध्यम से मवेशियों को सीधे अमीरगंज कांजी हाउस में छोड़ा जा रहा है। नगर निगम की हांका टीम मुख्य रूप से शहर के सभी मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र में मार्गों के किनारे घूमने वाले आवारा मवेशियों के कारण वाहन चालकों एवं मार्केट में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को समस्या से निजात दिलाने का कार्य कर रही है

अभियान के तहत विगत दिवस नदी पार बस स्टैंड क्षेत्र में हांका टीम द्वारा मवेशियों को पूर्ण सुरक्षा के साथ पकड़ने हेतु काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंचकर 6 आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की गई। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने पशु पालकों से अपील की है कि खुले में आवारा मवेशियों को न छोड़ें और अभियान में सहयोग प्रदान करें।

---

सख्त कार्यवाही नहीं होने से चलने की बजाए रेंग रहा यातायात

# फुटपाथ पर अतिक्रमण एवं बेतरतीब वाहनों की पार्किंग से आवागमन हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर के व्यस्ततम क्षेत्र हो या मुख्य मार्ग फुटपाथ पर अतिक्रमण एवं वाहनों की बेतरतीब पार्किग के चलते न सिर्फ आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि दिन भर जाम की समस्या भी बनी रहती है। फुटपाथ पर सामग्री नहीं फैलाने की हिदायत कई बार दुकानदारों को दी जाती है लेकिन सख्त कार्यवाही नहीं होने से लोग मनमानी कर रहे हैं। न ही कहीं फुटपाथ खाली हुआ है और न ही कहीं नालियों के ऊपर से सामान हटता दिखा रहा है।

प्रशासन की ओर से नगर के मेन रोड सहित अन्य व्यस्ततम स्थलों को रेड जोन चिन्हित करते हुये चेतावनी बोर्ड भी लगवाया गया है लेकिन वही बोर्ड अतिक्रमण के लिये आड़ बन गया है। नो पार्किग पर ही वाहन खड़ा किये जा रहे है। कभी एनाउसमेंट तो वाहन के साथ अमला सड़क पर नजर आता है लेकिन कार्यवाही वही ढांक के तीन पात तक नजर आती है।

फुटपाथ पर अतिक्रमण करने की कार्यवाही के नाम पर कभी कभार कार्यवाही का दिखावा किया जाता है। दो दिन की सख्ती के बाद फिर वही ढुलमुल रवैया होने की वजह से लोग नहीं सुधर रहे हैं।

दिलबहार चौक से मिशन चौक तक मुख्य मार्ग यातायात के भारी दवाब के बावजूद अतिक्रमण के चपेट में है। कमानिया गेट गली, सुभाष चौक, सिल्वर टाकीज तिराहा, गर्ग चौराहा, सब्जी मंडी, मोहन टाकीज गली, कारगिल चौराहा, सराफा बाजार रोड, तहसील के सामने, बस स्टैंड, गोलबाजार, झंडा बाजार गली में अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है। लोगों ने अब मुख्य बाजार में जाम से निजात की उम्मीद छोड़ दी है। प्रयोगो से और फजीहत है। दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार मौका दिया जा चुका है लेकिन समस्या नहीं सुधरी।

अतिक्रमण हटाओ मुहिम सिर्फ रस्मअदायगी तक ही सीमित होकर रह गई है। आलम यह है कि दिन के समय कोई झांकने वाला नही। फुटपाथी हो या दुकानदार कोई भी सुधार की दिशा में पहल नहीं कर रहे हैं। शाम के समय तो मुख्य मार्ग की हालत और भी दयनीय हो जाती है पैदल चलना भी मुश्किल होता है।

---

ग्राम पिड़रई का मामला, दूर दराज से पानी लाने करनी पड़ी रही मशक्कत

# नल जल योजना में करोड़ों फूंकने के बाद भी पानी को तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ग्राम पंचायत पिड़रई में नल जल योजना के तहत एक करोड़ 36 लाख रुपये की भारी भरकम राशि व्यय की गई, परंतु स्थिति यह है कि ग्रामवासी आज भी एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। यह योजना ग्रामीणों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई थी। लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत है। गांव के हर गली, हर मोहल्ले में पाइप लाइन बिछाने का दावा किया गया, परंतु पाइप लाइनें कई स्थानों पर पूरी तरह से टूटी पड़ी हैं। कहीं-कहीं पाइपें जमीन से बाहर निकली हैं तो कहीं-कहीं कनेक्शन ही नहीं दिया गया। जिन घरों में कनेक्शन है भी, वहां नलों में पानी नहीं आता। ग्रामीणों को मजबूरी में दूर-दराज के हैंडपंपों से पानी लाना पड़ रहा है । ग्रामवासियों का आरोप है कि इस योजना के क्रियान्वयन में जबरदस्त लीपापोती की गई है। घटिया सामग्री का उपयोग कर पाइप लाइन बिछाई गई जिससे कुछ ही महीनों में पाइप फटने लगे। मिलीभगत कर इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया। गुणवत्ता की अनदेखी कर सरकारी धन की बंदरबांट कर दी गई। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे घोटाले की जानकारी ग्राम पंचायत के कई सदस्यों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को दी थी। लेकिन प्रशासन ने मात्र औपचारिकता निभाते हुए जांच का आदेश दिया। जांच के नाम पर कागजी खानापूर्ति कर दी गई। न दोषियों पर कार्रवाई हुई, न योजना की खामियों को सुधारा गया।



लोगों का कहना है कि वे बार-बार आवेदन देते रहे, जनसुनवाई में अपनी बात रखते रहे, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। जनसुनवाई अब महज दिखावा बन कर रह गई है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि पहले भी ऐसी योजनाएं आईं जिनमें लाखों रुपये खर्च हुए, पर जनता को कोई लाभ नहीं मिला। नल जल योजना से गांव के हर घर तक जल पहुँचाने का सपना आज भी अधूरा है। ग्रामीणों ने कई बार जिला पंचायत, जनपद पंचायत और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में शिकायतें कीं, परंतु कहीं से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता नहीं रही। टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप भी लगे। आरोप है कि ठेकेदार ने मनमाने तरीके से काम किया। मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग कर योजना को अधूरा छोड़ दिया गया।

नल जल योजना के तहत गांव में एक उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण हुआ लेकिन गुणवत्ताहीन टंकी का किया गया निर्माण। पंप हाउस भी अधूरे पड़े हैं। बिजली कनेक्शन के नाम पर सिर्फ खंभे लगा दिए गए हैं, लेकिन मोटरें नहीं लगाई गईं। कुछ जगह तो पाइप ही नहीं बिछाए गए। परिणामस्वरूप पानी सप्लाई की पूरी व्यवस्था ध्वस्त है। पानी की गंभीर समस्या के कारण गांव में कई बार झगड़े भी हो चुके हैं। महिलाएं दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ा है। किसान भी सिंचाई के लिए पानी के अभाव में परेशान हैं। जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। सरपंच, सचिव और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखें मूंद ली हैं। ठेकेदार का नाम, भुगतान की राशि, सामग्री की गुणवत्ता जैसी जानकारी छिपाई गई। कलेक्टर से जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने जब इस मामले की शिकायत की तो आश्वासन मिला कि जल्द जांच कर कार्रवाई होगी। पर महीना बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों की मांग है कि योजना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। दोषी ठेकेदार व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। योजना को पूर्ण कर हर घर तक शुद्ध जल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए। पिड़रई जैसे अनेक गांवों में नल जल योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं।

### दिव्यांग पेंशन प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही

**कटनी।** नगर निगम में सोमवार को झिंझरी निवासी मनमोहन सिंह बागरी 35 वर्ष का दिव्यांग पेंशन का फार्म भरवाया जाकर तत्काल ही उन्हे दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। मनमोहन के दाहिने हाथ एवं पैर से दिव्यांग होने संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत कर पुत्र को दिव्यांग पेंशन से लाभान्वित करने हेतु आवश्यक दस्तावेजों की पात्रता के संबंध में जानकारी चाही गई। दस्तावेज संल्गन कराकर सभी औपचारिकताएं पूरी की और पेंशन का आवेदन जमा कराया।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### आहरण संविरण अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

**दमोह।** आयुक्त कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश द्वारा समस्त कोषालय अधिकारियों को सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान हेतु पूर्णतः ऑनलाइन व्यवस्था 21 फरवरी 2025 से लागू की गई है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा है नवीन व्यवस्था के अंतर्गत महालेखाकार द्वारा ऑनलाइन अंतिम भुगतान के प्राधिकार पत्र जारी किये जायेंगे। उन्होंने कहा आयुक्त कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में संबंधित कार्यालय से सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान संबंधी प्रकरण ऑनलाइन महालेखाकार को प्रेषित किये जायेंगे तथा अंतिम भुगतान के प्रकरण ऑनलाइन प्रेषित करते समय पांचवी अनुसूची के साथ सामान्य भविष्य निधि पासबुक को स्पष्ट रूप से ऑनलाइन प्रकरण के साथ स्केन कर अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

### बलिदान दिवस पर याद किए गए श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी जन संघ के संस्थापक पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस दिनांक 23 जून 2025 को मनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी जी ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक रहे और उन्होंने देश की अखंडता के लिए अपने प्राण निछावर कर दिए। देश में एक विधान, एक प्रधान, एक निशान लागू हो इसके लिए सदा संघर्ष करते रहे। पूर्व से पार्टी कार्यक्रम के अनुसार आज समस्त बूथों पर मंडल अमानगंज में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया।

### पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान महिला के बाल पकड़कर खींचे

**देवेंद्रनगर।** पन्ना जिले के देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस की संवेदनहीनता का गंभीर मामला सामने आया, जब वाहन चेकिंग के दौरान एक एएसआई ने बीच सड़क पर महिला के साथ अमर्यादित व्यवहार किया। सब्जी मंडी तिराहे के पास सोमवार को दोपहर 1.30 बजे जब गंगाबाई आदिवासी अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर जा रही थीं, तभी पुलिस ने उन्हें रोका और अचानक गाड़ी की चाबी निकाल ली। वहीं घटना में महिला के बाल खीचने का वायरल वीडियो पुलिस की कार्यप्रणाली को दर्शाता है।

### स्वास्थ्य विभाग की बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने दिये दिशा निर्देश

# एलएमपी ट्रेकिंग कर नई गर्भवती महिलाओं की जांच अनिवार्य रूप से कराई जाये-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मातृ-शिशु स्वास्थ्य, एम.डी.आर., सी.डी.आर, आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, क्वालिटी एश्योरेंस समिति एवं अनुगामी का अनुगमन प्रोजेक्ट जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की एक अहम बैठक में गहन समीक्षा की । इस दौरान सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, सिविल सर्जन सहित डब्ल्यू.एच.ओ. प्रतिनिधि डॉ. अंकिता जैन एवं अंतरा प्रोजेक्ट के प्रतिनिधि द्वय आशुतोष और रवि यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने मातृ-स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि गर्भवती माताओं को समय पर जांच एवं उपचार सर्वोच्च प्राथमिकता से होनी चाहिए। कोई भी गर्भवती महिला जांच से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होने सभी सी.बी.एम.ओ. को निर्देशित किया हर गुरूवार को आयुष्मान आरोग्यम मंदिर अंतर्गत सभी ग्रामों में एलएमपी ट्रेकिंग कर नई गर्भवती महिलाओं की जांच अनिवार्य रूप से कराई जाये। डी.सी.एम. से कहा पहली तिमाही में पंजीयन से बाहर हुई गर्भवती को ट्रेक किया जाये। आशा अनुसार समीक्षा की जाये हर माह कितनी नई एएनसी मिली। उन्होंने कहा चिन्हित नई गर्भवतियों को तत्समय ही पंजीकृत उपरांत फोलिक एसिड टेबलेट का वितरण कर समझाईश दी जाये कि नवजात को जन्मजात विकृतियों से बचाव के लिए गर्भावस्था के पहले तीन माह तक दी गई टेबलेट का सेवन अवश्य करायें। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चटर्जी ने बताया कि नई गर्भवती महिला की समग्र आई.डी. न होने से अनमोल 2.0 पोर्टल पर पंजीयन नहीं हो पा रहा है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव प्रथम तिमाही पंजीयन एवं गर्भावस्था दौरान चार जांचों पर भी हो रहा है। इस पर कलेक्टर कोचर ने कहा कि नवविवाहिता, पलायन पश्चात लौट कर आई गर्भवती महिलाओं की पंचायतवार सूची मोबाईल नम्बर के साथ तैयार कर समग्र आई.डी. निर्माण के लिए डी.ई.जी.एम. को सौंपा जाये।

कलेक्टर श्री कोचर ने आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष जताया। उन्होने सभी सीबीएमओ को निर्देश दिये कि जो कार्ड पात्रता अनुसार बनाये जा सकते है, उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण करायें। आयुष्मान कार्ड पात्रता संबंधी हितग्राहियों की सूची जो अद्यतन कराई गई है। उसे जिला स्तर पर भेजी जाये। बैठक दौरान टीकाकरण जिला टॉस्क फोर्स बैठक में डब्ल्यू.एच.ओ. जिला प्रतिनिधि डॉ. अंकिता जैन ने टीकाकरण कार्यक्रम में आ रही कठिनाईयों एवं मीजल्स-रूबेला उन्मूलन के लिए दमोह जिले की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। जीरो डोज पेण्टा पेंडेंसी बढ़ी पाये जाने पर कलेक्टर ने निर्देश दिये कि पूर्ण टीकाकरण में कमजोर उप-स्वास्थ्य केन्द्र एवं टीकाकरण संवेदनशील क्षेत्रों में वैक्सीनेटर और वैक्सीन कैरियर सहित मोबाईल यूनिट भेजी जाये, ताकि इन क्षेत्रों में पूर्ण टीकाकरण कार्य में तेजी लाई जा सके।

क्वालिटी एश्योरेंस समिति की समीक्षा दौरान संस्थाओं में साफ-सफाई,जैव चिकित्सा निपटान एवं मानक प्रोटोकाल अनुरूप जीवन रक्षक उपकरणों-औषधियों पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में मानक अनुरूप उपकरणों, औषधियों की आडिट उपरांत गैप पूर्ति हेतु सूची तैयार कर राज्य स्तर पर प्रस्ताव भेजा जाये।

मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एम.डी.आर.-सी.डी.आर. प्रकरणों की समीक्षा उनके परिजनों की उपस्थिति में की गई। विकासखंड तेन्दूखेड़ा, हिण्डोरिया और पथरिया में हुई एक-एक मातृ-मृत्यु प्रकरण व पथरिया के नंदरई ग्राम व बटियागढ. के सी.डी.आर. प्रकरण की कलेक्टर श्री कोचर ने समीक्षा कर आवश्यक निर्देश संबंधितों को दिये। उन्होंने तेन्दूखेड़ा से जुड़े मातृ-मृत्यु प्रकरण में सी.बी.एम.ओ. को बिना बिलंब किये झोला-छाप चिकित्सक के क्लीनिक को सील करने के निर्देश दिये। बैठक दौरान अंतरा एन.जी.ओ. के प्रतिनिधि द्वय आशुतोष और रवि यादव ने जिले में मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढीकरण एवं स्वास्थ्य व्यवहारों में सकारात्मक बदलाव के संबंध में अनुगामी का अनुगमन प्रोजेक्ट की प्रस्तुति की गई।

कलेक्टर कोचर ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 01 से 18 वर्ष तक के फोर-डी से पीड़ति बच्चों की खोज एवं बच्चों की सेहत में सुधार हेतु व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश आर.बी.एस.के. जिला समन्वयक को दिये। श्री कोचर ने कहा कि बच्चों की सेहत में सुधार के लिए किये जा रहे प्रयास स्पष्ट दिखाई दें, यह सुनिश्चित किया जाये।

बैठक दौरान जिला स्तरीय अधिकारियो सहित डी.पी.एम, डी.सी.एम., एम.एण्ड.ई. एवं खंड स्तर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सी.बी.एम.ओ., बी.पी.एम., बी.सी.एम. बी.ए.एम. मौजूद रहे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ होगा शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

### पंडित श्री विपिन बिहारी जी महाराज करेंगे कथा का वाचन



**हटा।** बुंदेलखंड की धर्मपरायण उपकाशी हटा नगरी में पटेरा रोड सिविल कोर्ट के पास रुक्मणी निकेतन प्रांगण में जै जै सरकार की अनुकंपा से छोटे सरकार जी के सानिध्य में अजबश्री सेवा समिति व क्षेत्र वासियों के सानिध्य में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन कल बुधवार 25 जून से विशाल भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। गौ पीठाधीश्वर बुंदेली कथावाचक पंडित विपिन बिहारी जी महाराज द्वारा अपनी बुंदेलखंडी मृदुल वाणी से श्री शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। जिसकी तैयारियां अजब धाम शिष्य मंडल द्वारा जोर शोर से की जा रही है। सोमवार की शाम आयोजित कथा स्थल रुक्मणी निकेतन पर फतेहपुर से श्री रामनुग्रहदास महाराज ( छोटे सरकार ) ने पहुंचकर तैयारीयों का जायजा लेकर दिशा निर्देश दिए। कथा के पूर्व बुधवार दोपहर 12 बजे से मां चंडी जी मंदिर प्रांगण से भव्य विशाल कलश यात्रा निकाली जावेगी जो मुख्य मार्ग से होते हए कथा स्थल पर समापन होगी। वही आयोजक समिति ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा 4 से हरिइच्छा तक श्रवण कराई जावेगी। कथा का समापन 4 जुलाई को विशाल भंडारे के साथ होगा वही रात्रि कालीन में महाकौशल प्रांत की प्रख्यात भजन गायिका संजू बघेल दीप्ति बघेल के शानदार भजनों की प्रस्तुति होगी। आयोजन कमेटी द्वारा कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने भक्तों से आग्रह किया गया।

## कुटीर की राशि नहीं डलने से परेशान है हितग्राही



**गैसाबाद।** भाई भतीजाबाद एवं लेनदेन के चलते जहां एक ओर बड़ी मुश्किलों के बाद लोगों को आवास योजना का लाभ प्राप्त हो पता है, वहीं दूसरी ओर पंचायतो की हीला हवाली के चलते हितग्राहियों को समय से किस्त नहीं मिलने से उनके निर्माण कार्य आधे अधूरे पड़े हुए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम की कविता पति राजकुमार पटेल के नाम से स्वीकृत हुई कुटीर की पहली किस्त 5000 रूपये डाली गई थी। हितग्राही द्वारा पहली किस्त की राशि का कार्य पूर्ण कर लिया। उसने दूसरी किस्त की मांग की तो सचिव द्वारा एक-दो दिन में राशि डल जाने की बात कही लेकिन दो ढाई माह का समय बीत जाने के बाद भी हितग्राही की राशि नहीं डाली गई जबकि हितग्राही द्वारा पैसा ब्याज पर उठाकर निर्माण कार्य स्लीप लेवल तक का करा लिया गया। हितग्राही राजकुमार पटेल ने बताया कि बरसात आने के कारण मैंने पैसा उधार लेकर निर्माण कार्य स्लीप लेवल तक का कर लिया है लेकिन मुझे राशि आज तक नहीं मिली राजकुमार ने बताया कि मैंने दिनांक 30 5/25 को सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी जिसका शिकायत नंबर 3260 15 16 है, इसके बाद मैंने दिनांक 17/6/25 को दोबारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की जिसका शिकायत नंबर 3291 23 68 है। इसके बाद भी आज दिनांक तक मेरी कुटीर की किस्त नहीं डाली गई जबकि बरसात का मौसम आजाने से मेरे खुले पड़े घर में बरसात का पानी भर रहा है जिससे हम लोगों को रहने एवं खाने-पीने में असुविधा हो रही है हितग्राही ने पंचायत प्रशासन से शीघ्र ही राशि डाले जाने की मांग की है। सचिव कदीर खान का कहना है कि पंचायत द्वारा जानकारी भेज दी गई है जब ऊपर से पैसा आएगा तो राशि डाल दी जाएगी।

## स्थानांतरण होने पर आरक्षक को दी भब्यता के साथ विदाई



**बटियागढ़ ।** बटियागढ़ तहसील क्षेत्र अंतर्गत मगरोंन थाना में पदस्थ आरक्षक राममिलन ठाकुर बैच नं 374 के थाना तेंदूखेड़ा में स्थानांतरण होने पर मगरोंन थाना प्रभारी बृजलाल पटेल सहित समस्त पुलिस स्टाफ एवं ग्राम वासियों ने उनको फूल माला पहनकर विदाई दी। एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। सर्वप्रथम सभी ने आरक्षक राममिलन ठाकुर को गले लगाया, गुलाल और फूल माला पहनाकर पुलिस और सैकड़ो ग्रामीणों ने थाने से पैदल चलकर मां कलेही मंदिर पहुंच कर राममिलन ठाकुर ने मां का आशीर्वाद लिया और प्रसाद चढ़ाया। राममिलन ठाकुर लगभग 3 वर्ष से पुलिस थाना मगरोंन में पदस्थ हैं। थाना प्रभारी बृजलाल पटेल ने शाल श्रीफल भेंट कर और मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। इस मौके पर एएस आई बालमुकुंद सिंह, प्रधान आरक्षक पटेल, प्रधान आरक्षक जालम, प्रधान आरक्षक हीरालाल, आरक्षक संदीप, आरक्षक धर्मेन्द्र एवं समस्त पुलिस स्टाफ और जनप्रतिनिधि ग्रामवासी शामिल हुए।

## किसानों को बीज मिनी किट का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विकासखंड जबेरा के ग्राम नोहटा एवं राज्यमंत्री के निज निवास पर कृषि विभाग जबेरा द्वारा उड़द, मूंग एवं अरहर बीज मिनी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री श्री लोधी द्वारा सरस्वती माता का पूजन कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके पश्चात वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा राज्यमंत्री का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उपस्थित किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किसानों के हित में कृषि विभाग के माध्यम से अनेक लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसका किसान भाई लाभ उठाएं। इस दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी द्वारा उपस्थित किसानों को उड़द मूंग और अरहर बीज मिनी किट किसानों को वितरण की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र जैन, गोपाल सिंह, घनश्याम सिंह एवं कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर, कृषि विस्तार अधिकारी रितेश सिंह, प्रिंस कुमार जैन, दीपक पटेल, दिनेश पटेल, के एल चौरसिया, अमित परमार सहित अनेकों कृषकों की उपस्थिति रही।

## विश्व योग दिवस का आयोजन



**पथरिया।** शासकीय उच्च.माध्यमिक विद्यालय कुमेरिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस काआयोजन किया गया जिसमें योग क्लब प्रभारी श्रीमती कल्पना पटेल के द्वारा विभिन्न प्रकार की योगाभ्यास करवाए गए जैसे कि सूर्य नमस्कार, प्राणायाम ,आलोम विलोम जैसे सूक्ष्म योग अभ्यास कराया गए तथा योग से होने वाले फायदे के बारे में व योग अभ्यास को प्रतिदिन दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए ऐसी जानकारी सभी छात्र-छात्राओं को दी गई। इस कार्यक्रम में कुमेरिया ग्राम पंचायत के सरपंच राधे पटेल, सचिव राजेंद्र पटेल तथा जनपद सदस्य कालूराम जी सहित कुमेरिया ग्राम में पदस्थ एएनएम श्रीमती लक्ष्मी पटेल,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं व आशाकर्ताओं सहित समस्त स्टाफ की उपस्थित रही कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य श्रीमती क्रांति ठाकुर के द्वारा की गई।

## ऋचा त्रिपाठी को पीएचडी फार्मेसी डिग्री से सम्मान



**दमोह।** डॉ हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के 33 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि नितिन गडकरी केंद्रीय मंत्री की वर्चुअल उपस्तिथि, पद्म भूषण डॉक्टर स्वामी रामभद्राचार्य चित्रकूट, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े की गरिमामायी उपस्थिति में कुलपति डा नीलिमा गुप्ता ने सागर की ऋचा त्रिपाठी को भेषजिक विज्ञान विभाग फार्मेसी में वर्ष 2024- 25 में शोध उपाधि पीएचडी डिग्री प्रदान कर सम्मानित कियाद्य डॉ ऋचा त्रिपाठी सागर के प्रसिद्ध धर्माचार्य शिक्षाविद वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य पंडित महेश दत्त त्रिपाठी की पुत्री एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में पदस्थ बायोमेडिकल इंजीनियर ऋग्वेद त्रिपाठी की बहन है, रिचा के धर्मपिता पंडित रामेश्वर प्रसाद तिवारी पहलवान बाबा मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष, पंडित रोहित तिवारी संस्थापक महराज मेडिकल एवं सर्जिकल मकरोनिया की धर्मपत्नी हैद्य जिन्होंने विवाह उपरांत कठोर परिश्रम करके फार्मेसी में अभिनव शोधकर यह डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी की उपाधि अर्जित की है उनकी इस उपलब्धि पर उनके बड़े पिताजी श्री टी आर त्रिपाठी वरिष्ठ साहित्यकार, चन्द्रकांत त्रिपाठी , समाजसेवी दमोह निवासी पंडित श्री घासीराम बाजपेई भाजपा मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, दामोदर अग्निहोत्री, धर्मआचार्य पंडित सनत कुमार खाम्परिया, पंडित स्वतंत्र संतोष गौतम, रविकांत दुबे रतलाम, सीता विनोद मिश्रा लखनादौन, डॉ गीतांजलि त्रिपाठी, अनंत शंकर त्रिपाठी, एच पी कुर्मी पूर्व शिक्षा अधिकारी सहित सागर की अनेक गणमान्य नागरिकों ने डॉक्टर रिचा त्रिपाठी की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई शुभकामनाएं दी।

## डॉ मुखर्जी मौलिक चिंतक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित व्यक्ति थे : श्याम शिवहरे



**दमोह।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रानी दमयंती मंडल के बूथ 171 की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय इतिहास की एक ऐसी महान विभूति थे, जिनका जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और दृढ़ संकल्प का प्रतीक रहा है, वे केवल एक राजनीतिज्ञ ही नहीं, बल्कि एक विचारक, शिक्षाविद और देशभक्त भी थे, जिनके संकल्प आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। आज ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 हटाकर पार्टी के सकल्पों को पूरा किया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में "दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का विरोध करते हुए वलिदान दिया। हमारी पार्टी वलिदान के आधार पर बनी पार्टी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें संदेश देता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। देश के लिए अपना बलिदान देने वाले वीर महापुरूष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के श्री चरणों में आज भाजपा का हर कार्यकर्ता श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा है, उन्होंने ही भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी, वही जनसंघ आज विश्व के सबसे बड़े व सर्वव्यापी राजनैतिक दल भाजपा के रूप में हम सबके सामने है। डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज, जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, महेश पटेल, गौरव चौराहा,श्याम विश्वकर्मा, अनिल सैनी सहित बूथ के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचे राज्यमंत्री



**बनवार।** विधानसभा जबेरा मंडल बनवार के ग्राम पटना मानगढ़ में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास और अंतरा फाउंडेशन की टीम के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी शामिल हुए।- कार्यक्रम में माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। छोटे बच्चों ने नाट्य मंचन के माध्यम से समाज में फैली कुरुतियों को दूर करने का संदेश दिया। जिसमें- बाल विवाह रोकने के प्रति जागरूकता फैलाई गई और विवाह की तय आयु के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पश्चात श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। बता दे यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और मातृ शक्ति के सम्मान के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन पूर्व मंडल अध्यक्ष शीतल राय उमाशंकर शास्त्री- स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास और अंतरा फाउंडेशन टीम कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में मंत्री जी ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान बेहतर कार्य के लिए अंतरा फाउंडेशन टीम की सहजकर्ता अर्चना राय अप प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया।

## शौर्य की मिसाल थी रानी दुर्गावती, गुलामी की जगह चुनी शहादत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

भारत की कुछ महान वीरांगनाओं में से रानी दुर्गावती भी एक थी। दूरदर्शी, कुशल योद्धा, बेहद सुंदर, अर्थशास्त्री और स्वाभिमान से जीने वाली रानी दुर्गावती थी जो आज भी इतिहास के जानने वालों के बीच चर्चित हैं और उनकी विरगाथा को मिसाल के रूप में देखते हैं। उनका जन्म 5 अक्टूबर 1524 को हुआ था। महारानी दुर्गावती कालिंजर के राजा कीर्तिसिंह चंदेल की एकमात्र संतान थीं। वे दुनिया की कुछ बेहतरीन रानियों में से रानी दुर्गावती एक थी, जो बेहद सुंदर थीं और एक कुशल योद्धा भी थीं। उन्होंने अपने 17 साल के शासन के दौरान यह भी साबित कर दिया था कि वह एक अच्छी अर्थशास्त्री थीं। उनकी सोच विकास वाली थी, उस दौरान पूरे गोंडवाना साम्राज्य में लोग सुख और शांति के साथ रह रहे थे।

### मुगल सेना से लिया लोहा

उन्होंने मुगल सेना का डटकर सामना किया और एक-एक को मारते हुए आगे बढ़ती गईं। लेकिन इस बीच उनका पुत्र और उनकी सहेली वीरगति को प्राप्त हो गई। अपना सबकुछ खो चुकी रानी से यह सहा नहीं गया। उन्हें चक्कर आ गया। तभी एक तीर उनकी आंखों में लगा तथा दूसरी उनकी गर्दन में। इस तरह रानी भी वीरगति को प्राप्त हुई जबलपुर गढ़ा से पांच कोस दूर आज भी रानी दुर्गावती की समाधि है।



यंगस्टर्स अमित रजक बताते हैं कि रानी दुर्गावती ऐसी विलक्षण, साहसी एवं कर्मयोद्धा हैं जिन्हें उनके ब लि दा न , स्वाभिमान और वीरता के साथ गोंडवाना के एक कुशल शासक के तौर पर याद किया जाता है। - **अमित रजक**



राहुल ठाकुर कहते हैं कि रानी दुर्गावती नाम के अनुरूप ही अपने तेज, साहस, शौर्य और सुंदरता के कारण इनकी प्रसिद्धि सब ओर थी दुर्गावती के वीरतापूर्ण चरित्र को भारतीय इतिहास आज भी याद करता है। - **राहुल ठाकुर**



रोहित गौड़ बताते हैं कि भारतीय इतिहास में उनके योगदान को कभी भी भूला नहीं जा सकता। इतिहास गवाह है कि रानी दुर्गावती ने अपनी बहादुरी और साहस का प्रयोग कर स्वतंत्र पहचान कायम की।

- **बारिश रजक**

### युवाओं ने कहा निडर और साहसिक थी रानी दुर्गावती



जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत पोर्ते ने बताया कि रानी दुर्गावती, एक ऐसा नाम, जिनकी गिनती भारतीय इतिहास की सर्वाधिक प्रसिद्ध रानियों में होती है खून का असर तो बचपन से ही रानी दुर्गावती में था घोड़े का शौक, हथियार चलाने का शौक, तैराकी करने का शौक बचपन से ही उनके अंदर था उनकी प्रतिभा तो बचपन से ही दिखने लगी थी। - **श्रीकांत पोर्ते ,प्रदेश संगठन मंत्री जयस**

बरसात में तीन माह के लिए टापू बन जाते है ब्लॉक के दर्जनों गांव, जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# रेलिंग विहीन पुल पुलियों पर रहता है हादसों का खतरा, जर्जर पुल का भी नहीं हो रहा सुधार कार्य





हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

प्री-मॉनसून की दस्तक के साथ ही अब नदी-नालों में पानी बढ़ने लगा है ब्लॉक भर की छोटी बड़ी नदियों की तस्वीरों से स्पष्ट है कि जल्द ही नदियां उफान पर होगी जबकि हर साल छोटे पुलों के डूबने और रास्ता बंद होने की तस्वीरें सामने आती रहती है। इसके बाद भी शासन प्रशासन सिर्फ निर्देशों तक ही सीमित हैं। ब्लॉक में अभी भी एक दर्जन से अधिक ऐसे पुल-पुलियां हैं जो रेलिंग विहीन है, लेकिन अब तक इन पुलों पर रेलिंग की व्यवस्था नहीं कराई जा सकी है। तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के लगभग हर आसपास के ग्रामों को जोड़ने वाले मार्गों में ऐसे छोटे पुल-पुलिया देखने मिल जाएंगे, जो रेलिंग विहीन है। जबकि बड़े पुलों पर भी यही स्थिति है जहां हर साल जल्दबाजी के चक्कर में लोग जान जोखिम में डालकर इन्हें पार करते हैं। हर साल ऐसे मामलों में लोगों की मौत की खबर भी आती है। इसके बाद भी न तो पुल बड़े हो पाते है और न ही रेलिंग लग पाती है। इस बार भी निर्देश जारी होने के बाद अब तक काम शुरू नहीं हो सका है कही ना कही शासन प्रशासन के अधिकारियों द्वारा किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है।

### एक दर्जन से अधिक कम ऊंचाई के पुल पुलिया नहीं

ब्लॉक में अभी भी कुछ पुल पुलिया कम ऊंचाई के बने हुए हैं, जो बारिश में डुब जाते हैं। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत व परेशानियां होती है। हालांकि कहीं-कहीं पर नए पुलों का निर्माण कार्य कराया जा चुका है तो कुछ जगहों पर निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है लेकिन इन पुलों को बनाने की रफ्तार धीमी होने के चलते लोगों को चिंता सता रही है क्योंकि बारिश का दौर शुरू हो चुका है तो वहीं कम ऊंचाई के पुल पुलियों से इस बार फिर जान जोखिम में डालकर पार करना पड़ेगा जिसमें झलौन से तारादेही व सर्रा जाने वाले मार्ग पर चार पुल पड़ते हैं जो कम ऊंचाई के होने के कारण एक घंटे की बारिश में ही डूब जाते हैं जिसमें उसके साथ ही जेतगढ से चंदना जाने वाले मार्ग पर एक पुलिया पड़ती है इसी तरह समनापुर से जामुन जाने वाले मार्ग पर जंगली नाले पर बना पुल भी डूब जाता है कोटखेड़ा गांव के बाहर व्यारमा नदी का पुल कम ऊंचाई पर होने पर डूब जाता है इसी तरह सारसबगली ग्राम के बाहर बना पुल छतिग्रस्त होने के साथ ही ऊंचाई कम होने पर डूब जाता है पांजी से निबौरा जाने वाले मार्ग पर गुरैया नदी पर बना पुल छतिग्रस्त है और कम ऊंचाई का है झलौन से तेजगढ़ जाने वाले मार्ग पर गोहुची के पास बनी पुलिया भी डूब जाते हैं इसके अलावा और भी मार्गों पर कुछ कम ऊंचाई के पुल पुलिया बनी हुई है जो एक से दो घंटे की तेज बारिश में डूबे जाते हैं जिससे कारण 100 से अधिक गांव में आने वाले मार्गों बंद हो जाते हैं।

### रेलिंग विहीन पुल-पुलिया खतरनाक

ब्लॉक में कई ऐसे पुल-पुलिया और रपटे हैं जो बिना रेलिंग के है एवं क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। ये बारिश में डूब जाते हैं। ऐसे में इन रास्तों पर सफर काफी परेशानी का सबब बन सकता है। यहां पर सुरक्षा के लिए संबंधित विभागों द्वारा वर्षों से कोई कदम नहीं उठाये गए हैं। अपनी उम्र पूरी कर चुके कई पुल पुलिया अब भी दिन रात भारी भरकर वाहनों का बोझ सह रहे हैं जो कभी भी धरासाई हो सकते हैं। इनमें तारादेही मार्ग पर बहेरिया और दरौली के बीच पड़ने वाला पुल व बिसनाखेड़ी के पास बना सहित कई मार्गों पर बने पुल पुलिया शामिल है। इन रैलिंग बिहीन पुल पुलियों पर पूर्व में कई दुर्घनाएं भी हो चुकी है और बारिश के दौरान भी घटनाएं होती है, इसके बावजूद भी संबंधित विभागों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। सर्रा मार्ग पर बने हुए दो पुलों पर और बमनौदा- तारादेही मार्ग पर सारसबगली गांव निबौरा मार्ग, जामुन-समनापुर सहित दर्जनों पुल पुलियों में अभी तक रैलिंग नहीं लगाई गई है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम सौरभ गंधर्व से बात की गई तो उन्होंने कहा आज ही अधिकारिक व ठेकेदारों के साथ बैठक की जा रही है जिसमें पुल पुलियों पर रैलिंग लगाने दिशा सूचक लगाने के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही बैरिकेटिंग लगाने के लिए भी कहा गया है। जल्द ही सभी पुलों पर रैलिंग की व्यवस्था कराई जाएगी।



### पुल नीचे से क्षतिग्रस्त कभी भी हो सकता बडा हादसा

झलौन और बिसनाखेड़ी गांव के बीच पड़ने वाला एक पुल है, जो बीते कई वर्षों से जर्जर हालत में है। इसी जर्जर पुल से आवागमन जारी है जिससे हादसा होने की आंशका बनी रहती है। कई बार ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त हो चुके पुल की मरम्मत कराने एवं मार्ग पर नए पुल बनाने की मांग प्रशासन से की लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला यह पुल धनेटा ग्राम से आगे जाने वाले सर्रा मार्ग पर बिसनाखेड़ी ग्राम पहुंचने से पहले बना हुआ है इस पुल के नीचे के पिलर छतिग्रस्त दिखाई देने लगा है जिससे कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है जबकि इस मार्ग से झलौन, धनेटा, हरदुआ, सेहरी, पुरा सहित दर्जनों गांव जुड़े है। दूसरी ओर बिसनाखेड़ी, ससना सर्रा, कुदपुरा, भैसा, ससना खुर्द के अलावा तारादेही जाने के लिए यही मार्ग है

### तीन माह के लिए टापू बन जाते हैं दर्जनों गांव

वहीं ब्लॉक के कई गांव बरसात के मौसम में टापू बनकर रह जाते हैं। इन गांवों में पक्की सड़कों और कच्चे रास्तों, पुल-पुलियों के नहीं होने से बरसात के मौसम में ग्रामीणों का ब्लॉक से लगभग संपर्क टूट जाता है। बरसात का मौसम इन गांवों के लिए काफी कष्टदायक होता है। घर के बीमार सदस्यों का इलाज कराने व अन्य जरूरतों के लिए ग्रामीण जान हथेली पर रखकर किसी तरह गांव की पगडंडियों और रास्तों में पड़ने वाले नदी नालों में से आना-जाना करते हैं। सरकार भले ही इन गांवों में यातायात की सुविधा का विकास करने के लिए पुल पुलिया के निर्माण में पैसा पानी की तरह बहा रही है लेकिन तेंदूखेड़ा ब्लॉक में आज भी ऐसे कई गांव है जो बरसात का मौसम शुरू होते ही टापू बनकर रह जाते हैं ब्लॉक में 62 ग्राम पंचायत है। इन पर करीब 120 गांव आश्रित है। इनमें से जरूआ, हाथीडोल, घुटरिया, पिड़रई, जामुन, हर्रई, देवरी, पलवा सहित करीब दो दर्जन गांव ऐसे है जहां के निवासियों को नदी-नाले आ जाने पर मुख्यालय से पूरी तरह से संपर्क टूट जाता है। यहां के रहवासियों ने कई बार शासन-प्रशासन से उचित मार्ग की सुविधा कराने की मांग की लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

## दो दिवसीय बेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर के नया जैन मंदिर पारसनाथ में दो दिवसीय नवीन बेदी प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर संजय भैया मुरैना वालों ने सानिध्य प्रदान किया। सुबह अभिषेक शांतिधारा पूजा विधान संपन्न किया गया। तत्पश्चात नवीन बेदी पर भैया जी के मुखारविंद से मंत्रों के उच्चारण कर श्रीजी को विराजमान किया गया।-जैन समाज की महिला पुरुषों ने भक्ति उत्साह के साथ कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिर की प्रांगण में श्रीजी की आरती एवं भैया जी के मांगलिक प्रवचन संपन्न हुए। भैया जी ने अपने प्रवचन में जैन धर्म के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। सिंग्रामपुर जैन समाज द्वारा नवीन बेदी का जीणोद्धार कर तीन माह में बनाकर तैयार की गई।- समाज के लोगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रीजी की आरती की।

## योग, ध्यान एवं प्राणायाम से जीवन में स्थायी आनंद प्राप्त करें-गुरूदेव अतीत जी

दमोह। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा जारी कार्ययोजना वर्ष 2025-26 में दिये गये निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री पी.सी.गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत 22 जून से 27 जून तक योग, ध्यान एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन जिला न्यायालय दमोह में किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर न्यायमूर्ति एच.पी. सिंह (से.नि.), प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पी.सी.गुप्ता, कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर सहित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, प्रशासनिक अधिकारीगण तथा न्यायालयीन स्टॉफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रातः 06.30 बजे से 08.30 तक हिज हॉलिनेस गुरूदेव श्री अतीत जी (दिव्य शांति, प्रेम, आनंद, ध्यान, भक्ति, आध्यात्मिक ज्ञान और उत्सव के शाश्वत प्रणेता) के सानिध्य में किया जा रहा है। शिविर के शुभारंभ पर गुरूदेव श्री अतीत जी ने योग व ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया सच्चा सुख बाहर नहीं वरन आपके अंर्तमन में है। जब मन की चंचलता शांत होती है, तभी आत्मा का स्वर प्रकट होता है। यह ऐसी विद्या है जब व्यक्ति मौन की गहराई का अनुभव करते हुये विचारों को शांत कर आत्मा के संगीत को सुन सकता है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में स्थायी आनंद प्राप्त कर सकता है, किन्तु निरंतर योग व ध्यान करना चाहिए जिससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, मानसिक शांति व संतुलन आये। आपने उपस्थित प्रतिभागियों से संयमित जीवनशैली, योग व ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आहवान किया और जीवन में संयम, सेवा, सदाचार के महत्व को रेखांकित कर अपने अनुभवों को साझा किया। न्यायमूर्ति श्री एच.पी. सिंह(से.नि.) ने कहा योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है जो शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देती है और इसे अपनाकर व्यक्ति अपने व्यवहारिक जीवन में बदलाव ला सकता है। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री पी.सी.गुप्ता ने कहा योग, ध्यान एवं प्राणायाम जीवन जीने की कला का मूल आधार है और नियमित अभ्यास से शारीरिक व मानसिक उन्नति होती है।



## पन्ना जिले के युवक का शव पहाड़ी पर मिला

**दमोह।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी मराहार दमयंती पुरम पहाड़ी एरिया में एक अज्ञात व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी भले हालात निर्मित हो गए। जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस को मिली तो मौके पर सीएसपी अभिषेक तिवारी, टीआई देहात रचना मिश्रा, चौकी प्रभारी जबलपुर नाका आनंद कुमार, एएसआई अकरम खान सहित पुलिस ने पहुंचकर अज्ञात मृतक की पता साजी की तो रिछी, थाना सिमरिया जिला पन्ना निवासी दयाराम लोधी पिता कुददुलाल लोधी 25 वर्ष के तौर शिनाख्त की गई। घटना के संबंध में पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि 2 दिन पहले घर से निकले थे, जो बातचीत चल रही थी लेकिन यह नहीं बता रहे थे कि कहां है फिलहाल पुलिस ने युवक की गला घोटकर हत्या मान रही है. मौकी पर डॉग स्क्वायड, फिंगरप्रिंट, एफएसएल और भी टीमों ने पहुंच कर बारीकी से जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप जा रहा है.। सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया गला घोंटकर हत्या समझ आ रही है परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## तीन संस्थायें राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

**दमोह ।** गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरूष्कार समारोह भोपाल में उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर दमोह जिले की तीन स्वास्थ्य संस्थाओं यथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेजगढ़ एवं आयुष्मान आरोग्यम मंदिर किशुनगंज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन.क्यू.ए.एस.) अनुरूप पाये जाने पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय पुरूस्कार समारोह में सी.बी.एम.ओ. डॉ. अमित मिश्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेजगढ़ की मेडिकल आफीसर डॉ. प्रियंका शर्मा एवं पथरिया के आयुष्मान आरोग्यम मंदिर किशुनगंज को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जटिल सर्जरी कर बचाई श्वान की जान



**दमोह।** दमोह जिले में पहली बार 'श्वान की जटिल सर्जरी कर बचाई श्वान की जान'' दमोह के जिला पशु चिकित्सालय में दमोह निवासी आशुतोष कोष्टी उनका 10 वर्षीय स्वान जो पिछले 6 महीने से मेमेंरी ट्यूमर से ग्रसित थी उनके द्वारा जिला पशु चिकित्सालय में उसकी जांच कराई गई। तत पाश्चात वहा के डॉक्टरों के द्वार ऑपरेशन की सलाह दी जिसके बाद आज उपसंचालक डॉ. संजय पांडे जी के मार्गदर्शन में डॉ गोविंद प्रसाद चौधरी डॉ अंजना चौधरी अजय साहू जी वरिष्ठ एवीएफइओ नवीन जफर उनकी टीम ने सफल सर्जरी कर लगभाग 3.5 किलो का ट्यूमर निकला और अब श्वान पूरी तरह से स्वस्थ है।

### शांति समिति की बैठक कल

**दमोह।** आगामी पर्व जगन्नाथ स्वामी जी रथयात्रा, मोहर्रम, सावन माह पर कानून व्यवस्था के सबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 25 जून दिन बुधवार को अपरान्ह 03 बजे से जिला कार्यायल के सभाकक्ष में आयोजित की गई हैं। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दमोह ने सर्वसंबधितों से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया हैं।

## मेसर्स सेफी खाद बीज भंडार पथरिया की उर्वरक अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित

**दमोह।** उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड पथरिया के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश के तहत उर्वरक अनुज्ञप्ति अधिकारी सह उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जे. एल. प्रजापति ने उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 3 का उल्लंघन का दोषी मानते हुये मेसर्स सेफी खाद बीज भंडार पथरिया उर्वरक अनुज्ञप्ति क्रमांक 403 वैधता 30 दिसंबर 2025 तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया है कि अपना बचाव उत्तर एक सप्ताह के अन्दर उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड पथरिया के माध्यम से उर्वरक अनुज्ञप्ति अधिकारी सह उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास को प्रस्तुत किया जाये एवं निलंबन अवधि में किसी भी प्रकार का उर्वरक विक्रय, भण्डारण, परिवहन नहीं किया जाये। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। शिकायत की गई थी कि डीएपी खाद का विक्रय मेसर्स सेफी खाद बीज भंडार पथरिया के द्वारा उच्च दर पर किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान पाया गया किसान मयंक को 2 बोरी डीएपी 3800/- कीमत पर स्टीमेट मेमो पर दिया गया तथा पवन कुमार को 1 बोरी डीएपी 1900/- कीमत पर बेचा गया।

## चंद मिनिट की देरी से पहुंचे द्वितीय परीक्षा में छात्र, परीक्षा केंद्र में नहीं मिला प्रवेश

### विज्ञान का पेपर देने से वंचित हो गए कक्षा दसवीं के छात्र, बारिश होने के चलते समय पर नहीं पहुंच पाए परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्रों के लिए दूसरी बार परीक्षा देने का अवसर मिल रहा है। जिसके लिए सुबह 9 बजे से छात्र परीक्षा केंद्र पहुंच रहे हैं। सोमवार को हटा क्षेत्र में बारिश के चलते कक्षा दसवीं के छात्र 5 मिनट देरी से परीक्षा केंद्र पहुंचे जिसके चलते उन्हें पेपर देने नहीं मिला जिससे कुछ छात्र परीक्षा देने से वंचित रह गए। बता दें इस साल मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं में फेल होने वाले व कम अंकों से पास होने वाले छात्रों के लिए दूसरी बार परीक्षा देने का अवसर दिया गया है ताकि वह फिर से परीक्षा देकर पास हो सके और अपने अंक सुधार सके। हटा ब्लॉक के हिनौता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में सोमवार को विज्ञान विषय का पेपर देने मुराछ गांव निवासी नीलेश साहू कक्षा दसवीं का विज्ञान का पेपर देने 5 मिनट देरी से पहुंचा। इसके बाद उसे परीक्षा केंद्र के अंदर जाने नहीं मिला। छात्र ने आरोप लगाते हुए बताया कि 9 बजे परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना था वह 9:05 पर परीक्षा केंद्र पहुंचा। जहां शिक्षकों ने उसे कक्षा में प्रवेश नहीं करने दिया। सुबह से बारिश हो रही थी और उसकी बाइक भी खराब हो गई। इसके चलते वह समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सका। इस बात की जानकारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक अजीत विश्वकर्मा को लगी तो वह भी स्कूल पहुंचे। उन्होंने बताया कि नीलेश साहू का फोन उनके पास आया था कि उसे पेपर देने नहीं मिल रहा है। जब हम स्कूल पहुंचे तो इस छात्र के अलावा तीन छात्र और थे जो 5 मिनट देरी से परीक्षा केंद्र पहुंचे थे। उन्हें भी परीक्षा हाल में बैठने नहीं दिया। जब परीक्षा केंद्र में मौजूद शिक्षकों से बात करनी चाही तो एक मैडम के द्वारा पुलिस को बुला दिया गया। तीनों छात्र परीक्षा देने से वंचित रह गए। जबकि पूरे जिले में सोमवार की सुबह बारिश हो रही थी और मुराछ गांव में भी बारिश होने के चलते यह छात्र सिर्फ 5 मिनट देरी से परीक्षा केंद्र पहुंच पाए। वहीं इस मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल विदौलिया का कहना छात्र करीब साढ़े नौ बजे परीक्षा केंद्र पहुंचे थे। जबकि नियम है परीक्षा केंद्र 8 बजकर 45 मिनट तक पहुंचना है। उसके 15 मिनिट बाद भी केंद्र अध्यक्ष छात्र को अंदर कर सकते हैं, लेकिन यह छात्र बहुत देर से पहुंचे। इसमें हम कुछ नहीं कर सकते सभी केंद्रों पर परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जा रही है।



# ओलंपिक संघ ने मनाया ओलंपिक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

मप्र ओलंपिक संघ महासचिव दिग्विजय सिंह के नेतृत्व मे दमोह ओलंपिक संघ ने नये युवा फुटबाल खिलाडियो के बीच ओलंपिक दिवस मनाया। प्रदर्शन मैच का आयोजन किया तेईस जून को अंतराष्ट्रीय ओलंपिक संघ समिती की स्थापना हुई थी। प्रदर्शन फुटबाल मैच नवोदित खिलाडियो के बीच खेला गया। खिलाडियो को ओलंपिक दिवस के आयोजन की जानकारी राजेश सालोमन ने बताई। आपसी समन्वय भाईचारे से खेलभावना अनुशासन से आगे बढने का आव्हान भगवान सिंह ने किया।

इस अवसर पर विजय ठाकुर, संतोष सेन, विकास जैन, तरूण नामदेव, इमरान सचिव, ललित नायक ने खिलाडियो अनुशासन मे रहकर लक्ष्य हासिल करने की बात की। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण किया गया। ओलंपिक दिवस प्रतिवर्ष 23 जून को मनाया जाता है। 1894 मै बैरन पियरे डी कुबरटिन द्वारा अन्तराष्ट्रीय ओलंपिक समिती की स्थापना का प्रतीक है। इस वर्ष के समारोह का विषय है चलो सीखे खोजे एक बेहतर दुनिया के लिए एक साथ भारत ने 25 ओलंपिक खेलो मे हिस्सा लिया। कुल 41 मेडल प्राप्त किए गोल्ड सिल्वर ब्रास है। हॉकी मे भारत ने सबसे ज्यादा मेडल जीते जो कि विश्व रिकॉर्ड है। ओलंपिक दिवस पर सभी को हार्दिक बधाई हॉकी खिलाडियो से अपेक्षा है कि वह अपनी सहभागिता से ओलंपिक मे हॉकी के नये आयाम स्थापित करे।

1896 को ओलंपिक खेलो का आयोजन ग्रीस की राजधानी एथेंस मे हुआ था। हॉकी दमोह ने मनाया ओलंपिक दिवस आज सुबह टरफ मैदान पर प्रदर्शन मैच का आयोजन किया जिस मे खिलाडियो शानदार प्रदर्शन किया ताज तथा हॉकी दमोह के मध्य हुये मैच मे दोनो टीमो ने शानदार प्रदर्शन किया। ताज क्लब ने एक गोल से विजय प्राप्त की तरूण नामदेव इमरान निर्णायक रहे। इस अवसर पर ललित नायक, राजेश सालोमन, हरिशंकर भगवान सिंह, विजय ठाकुर, विकास, अरमान, कार्तिक उपस्थित रहे। मैच के उपरांत मिष्ठान वितरण किया गया।




## उमंग सिंघार आज सिग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे

**सिंग्रामपुर।** 24 जून को मध्य प्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार जी सिग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जबेरा श्रीमती रजनी ठाकुर अपने समर्थकों के साथ ग्राम गुबरा में उमंग सिंघार जी का भव्य स्वागत करेंगी।- उमंग सिंघार जी जबलपुर से हैं सिंग्रामपुर पहुंचकर वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।इसके बाद पड़ाव खेल ग्राउंड में आमसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें पूर्व मंत्री विधायक डिंडोरी ओंकार मरकाम- विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदी लाल मार्को- विधायक बिछिया नारायण सिंह पट्टा शामिल होंगे। रानी दुर्गावती गोंडवाना साम्राज्य की एक साहसी और कुशल योद्धा थीं, जिन्होंने मुगल साम्राज्य के आक्रमण का वीरतापूर्वक विरोध किया था। उनका बलिदान दिवस हर साल 24 जून को मनाया जाता है, जो उनकी वीरता और देशभक्ति को याद दिलाता है श्रीमती रजनी ठाकुर जिला पंचायत सदस्य जबेरा ने सर्व आदिवासी समाज एवं क्षेत्र वासियों से बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## सड़क हादसे में घायल गौवंश को गौसेवकों ने पहुंचाया तेंदूखेड़ा गौशाला



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर के समीप गुबरा में गौशाला होने के बावजूद दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर गौ वंश मारे मारे फिर रहे और खुद दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे और सड़क हादसों का कारण बने हुए जिससे आए दिन सड़क हादसों में गौ वंश घायल हो रहे है। यह स्थिति गुबरा से लेकर सिग्रामपुर, जबेरा, कलेहरा, गहरा, नोहटा और आभाना तक बनी हुई है। कुछ ऐसा ही हुआ बीती रात सिग्रामपुर में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक गाय घायल हो गई। और सड़क पर पड़ी हुई जिसकी खबर लगते ही गौ सेवक घटना स्थल पर पहुंचे। निजी वाहन से तेंदूखेड़ा गौशाला पहुंचाया गया। जहां पर उसका व्यवस्थित उपचार हो सके ग्रामवासियों और गौ सेवकों का कहना है कि पशुओं के संबंध में प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिए जाने से राहगीर और वाहन चालक इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। इसके पहले तत्कालीन कलेक्टर ने ग्राम पंचायत प्रशासन को आदेश जारी किए थे कि आवारा मवेशियों को समीप की गौशालाओं में भेजा जाए, लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है।